## संपादकीय

# दिल्ली का दंगल

दिल्ली विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही ठंड के मौसम में भी दिल्ली का राजनीतिक तापमान ऊंचा है। आप 2015 दोहराने के लिए कमर कस रही, कांग्रेस खाता खोलने की तैयारी में और भाजपा दो दशक का राजनीतिक वनवास खत्म करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। निःसंदेह दिल्ली का दर्जा पूर्ण राज्य का नहीं है, मगर देश की राजधानी होने के नाते उसका सांकेतिक महत्व ज्यादा है। यही वजह है केजरीवाल सरकार के पूरे कार्यकाल में अधिकारों को लेकर केंद्र से टकराव सड़कों तक नजर आता रहा है। वैसे पिछले दिनों राजनीति के चतुर खिलाड़ी अरविंद केजरीवाल ने अपनी रणनीति में खासा बदलाव किया है। उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा से सीधे उलझने के बजाय अपने वोट बैंक को साधने का प्रयास किया है। उन्हें पता है कि मध्यवर्गीय वोटर उनके साथ पहले की तरह नहीं रहा, अतः आप ने उस तबके को साधने का प्रयास किया है जो मुफ्त-सुफ्त की राजनीति से खुश रहता है। यही वजह है कि पिछले कुछ महीनों में केजरीवाल सब्सिडी व मुफ्त का कार्ड खूब खेलते रहे हैं। बहरहाल, दिल्ली के चुनाव में मुकाबला आप, भाजपा व कांग्रेस के बीच में है। वर्ष 2015 में आप की आंधी में कांग्रेस साफ हो गई थी और आप ने अप्रत्याशित रूप से 67 सीटें हासिल करके भाजपा को बैकफुट पर ला दिया था। उसके मात्र तीन विधायक ही विधानसभा पहुंच सके थे। बावजूद इसके कि 2014 में नरेंद्र मोदी देश में भारी बहुमत हासिल करके देश के प्रधानमंत्री बने थे और दिल्ली में पार्टी का प्रदर्शन बेहतर रहा था। वैसे ही वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सातों लोकसभा सीटें जीती हैं। पार्टी ने 56 फीसदी वोट हासिल करके 65 विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की। वहीं कांग्रेस ने अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए 22 फीसदी मतों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था। बहरहाल, पुराना इतिहास रहा है कि दिल्ली की जनता लोकसभा व विधानसभा के लिए अलग पैटर्न से मतदान करती रही है। कह सकते हैं कि दिल्ली में त्रिकोणीय मुकाबला है। मगर केजरीवाल के मुकाबले का नेता न तो दिल्ली भाजपा के पास है और न ही कांग्रेस के पास। निर्विवाद रूप से अरविंद केजरीवाल आप के प्रतिनिधि और मुख्यमंत्री का घोषित चेहरा हैं। भाजपा व कांग्रेस मुख्यमंत्री का चेहरा जनता के सामने नहीं रख पाये हैं। इस बात पर केजरीवाल चुटकी भी लेते रहते हैं। कांग्रेस दिल्ली कांग्रेस की पर्याय शीला दीक्षित का विकल्प नहीं तलाश सकी। वहीं भाजपा मोदी मैजिक के भरोसे है। वह केंद्र सरकार की नीतियों के सहारे चुनावी वैतरणी पार उतरने की कोशिश में है। भाजपा के केंद्रीय मंत्री कह रहे हैं कि दिल्ली के विकास के लिये ट्रिपल इंजन सरकार चाहिए। यानी केंद्र, राज्य व स्थानीय निकायों में भाजपा की सरकार। निश्चित रूप से नागरिकता संशोधन कानून चुनाव में मुद्दा बनेगा। भाजपा ने घर-घर जाकर इसके बाबत मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान छेड़ दिया है। वहीं जामिया हिंसा व जेएनयू विवादों की छाया भी चुनाव पर पड़नी लाजिमी है। एक बड़ी आबादी दूसरों राज्यों से आकर दिल्ली में बसती है। जातिवाद न सही क्षेत्रवाद तो चुनाव में हावी रहता ही है। यही वजह है कि भाजपा ने पार्टी का अध्यक्ष बिहार के मनोज तिवारी को बनाया था। वहीं मोदी सरकार ने डेढ़ हजार से अधिक अवैध कॉलोनियों को वैध बनाकर आप से यह मुद्दा छीना है। यह वक्त बताएगा कि भाजपा को इसका कितना लाभ मिलता है। बहरहाल, एक स्थानीय दल होने का फायदा आप को मिलेगा।

# हिंदुस्तान पेट्रोलियम द्वारा रायपुरा पेट्रोल पम्प ने जारी किया ग्राहकों के लिए उपहार योजना

**रायपुर।आरएनएस)।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड जोकि देश की जानी-पहचानी महारत्न तेल कंपनी है,देश भर में फैले अपने डीलर नेटवर्क द्वारा अपने ग्राहकों को गुड़ फ्यूल प्रॉमिस एवं ग्राहक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है!

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा नियमित तौर पर अपने ग्राहकों एंव सामान्य-जन को अतिरिक्त लाभ प्रदान करने हेतु विभिन्न प्रकार के केम्पेन चलाये जाते है,कारपोरेशन द्वारा देश भर में अपने चुनिंदा पेट्रोल पम्पो में दो महीने की अवधि के लिए मेगा सेल्स केम्पेन आरम्भ किया गया है,जो कि 29-02-2020 तक चलेगा।

रायपुर में इस केम्पेन का शुभारंभ श्री बृजेश कुमार (मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक) द्वारा



11-02-2020 को प्रांजल फ़्यूल्स,रायपुरा चौक में सभी डीलरों,ग्राहकों,एंव गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया,विक्रय अधिकारी श्री वेदप्रकाश बघेल ने योजना के बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्राहक दुपहिया वाहनों में 250/रु एंव चौपहिया वाहनों में 1200/रु के खरीद पर योजना में भाग लेकर क्रिड कार,दुपहिया वाहन,एंव अन्य आकर्षक उपहार के लिए ड्रा में भागीदार बन सकते है।

# वॉलमार्ट इंडिया ने 100 से ज्यादा सीनियर एग्जीक्यूटिव को नौकरी से निकाला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** घाटे में चल रही अमेरिकी कंपनी वॉलमार्ट की भारतीय ईकाई वॉलमार्ट इंडिया अपने कैश एंड कैरी कारोबार को समेटने में जुट गई है। इसके लिए कंपनी ने गुरुग्राम हैडक्वार्टर में कार्यरत 100 से ज्यादा सीनियर एग्जीक्यूटिव को नौकरी से निकालने का फैसला किया है। इसमें कई डिवीजन वाइस प्रेसीडेंट्स जैसे सीनियर एग्जीक्यूटिव भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि छंटनी का दूसरा दौर अप्रैल में शुरू होगा। वॉलमार्ट दुनिया की सबसे बड़ी रीटेल कंपनी है।

वॉलमार्ट ने मुंबई स्थित अपना सबसे बड़ा वेयरहाउस बंद कर दिया है। उसने रीटेल स्टोर्स के विस्तार पर भी विराम लगा दिया है। माना जा रहा है कि कंपनी




ऑफलाइन रीटेल ऑपरेशंस को बेच सकती है या फिर इसका विलय अपने ई कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट के साथ कर सकती है जिसे उसने 2018 में 16 अरब डॉलर में खरीदा था। अभी फ्लिपकार्ट भी घाटे में ही चल रही है। मार्च, 2019 में समाप्त वित्त वर्ष के दौरान उसे 17,231 करोड़ रुपए (2.42 अरब डॉलर) का घाटा हुआ था। वॉलमार्ट ने करीब एक दशक पहले भारत में रीटेल ऑपरेशंस की शुरूआत की थी। लेकिन उसे काफी संघर्ष करना पड़ा।

# कमजोर हाजिर मांग से चांदी का वायदा भाव टूटा

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** कमजोर हाजिर मांग से सोमवार को चांदी का वायदा भाव 261 रुपये टूटकर 46,650 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी का मार्च आपूर्ति वाला अनुबंध 261 रुपये या 0.56 प्रतिशत के नुकसान से 46,650 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया।



इसमें 2,807 लॉट का कारोबार हुआ। इसके अलावा चांदी का मई अनुबंध 229 रुपये के नुकसान से 47,218 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इसमें 14 लॉट का कारोबार हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार, न्यूयॉर्क में चांदी 0.33 प्रतिशत के नुकसान से 18.05 डॉलर प्रति औंस पर चल रही थी।

# टी20 विश्व कप में टीमों की संख्या बढ़ाकर 20 करने पर विचार कर रहा है आईसीसी

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) 2023-31 सत्र में टी20 विश्व कप में टीमों की संख्या 16 से बढ़ाकर 20 करने पर विचार कर रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया। रिपोर्ट के अनुसार खेल के दायरे को बढ़ाने के लिए टी20 प्रारूप को सर्वश्रेष्ठ तरीका मानने वाला आईसीसी इस विकल्प पर विचार कर रहा है जिससे कि क्रिकेट फुटबॉल और बास्केटबॉल जैसे लोकप्रिय खेलों की बराबरी का प्रयास कर सके। रिपोर्ट के अनुसार इस मुद्दे पर विचार 2023-31 के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर को लेकर होने वाली विस्तृत चर्चा का हिस्सा है। इस सत्र का पहला टी20 विश्व कप 2024 में होगा। आईसीसी ने वैश्विक मीडिया अधिकार बाजार में उतरने से पहले प्रत्येक वर्ष एक वैश्विक प्रतियोगिता के आयोजन का प्रस्ताव रखा है और विश्व कप में टीमों की अधिक संख्या से दर्शकों की संख्या में भी इजाफा होगा। बड़े टूर्नमेंट का मतलब है कि अमेरिका के इसमें प्रतिनिधित्व की संभावना बढ़ेगी।

# न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान, संजू बाहर

**मुंबई।** बीसीसीआई की सीनियर चयन समिति ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम की घोषणा कर दी है। श्रीलंका सीरीज में आराम पर गए रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई है, लेकिन पुणे में खेले गए आखिरी टी-20 मैच की अंतिम-11 का हिस्सा रहे संजू सैमसन को जगह नहीं मिली है। बीसीसीआई ने रविवार देर रात बयान जारी कर टीम चयन की जानकारी दी।

मोहम्मद शमी भी आराम के बाद टीम में वापसी करने में सफल रहे हैं। उम्मीद थी कि हार्दिक पांड्या भी टीम में होंगे, लेकिन रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया में समय लगने के कारण वह टीम में आ नहीं सके। इसलिए शायद शिवम दुबे अपनी जगह बना पाने में सफल रहे। पांड्या को न्यूजीलैंड दौरे के लिए इंडिया-ए में चुना गया था। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा है, पांड्या की रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया उम्मीद से




ज्यादा समय ले रही है, इसलिए उन्हें इंडिया-ए से भी बाहर कर दिया गया है और उनके स्थान पर विजय शंकर को टीम में चुना गया है।

भारतीय टीम ने संजू को लगातार तीन सीरीज में टीम में बनाए रखा और उसके बाद अंतिम 11 में एक मौका देने के बाद टीम से बाहर कर दिया।

वह बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई सीरीज का हिस्सा थे लेकिन अंतिम-11 में नहीं आ पाए थे। श्रीलंका के खिलाफ आखिरी टी-20 मैच में उन्हें मौका मिला, जिसे वह भुना नहीं पाए और दो गेंदों पर छह रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इस मैच के बाद वह टीम से भी बाहर चले गए हैं।

# सर्दियों में बार-बार करते हैं लिप बाम का इस्तेमाल, जानें होंठ फटने पर क्या करें और क्या न करें

सर्दी के मौसम में लोगों को होंठ फटने की परेशानी का सामना करना पड़ता है. सर्दी के मौसम में ठंडी हवाएं चलनी शुरू हो जाती है, जिसके कारण त्वचा और होंठ दोनों में ही नमी कम हो जाती है. इस वजह से होंठ फटने लगते हैं. इसके साथ ही सर्दियों में स्वस्थ खान-पान न लेने से शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जिसकी वजह से भी आपके होंठ फटने शुरू हो जाते हैं।

सर्दियों के मौसम में आपको अपनी त्वचा के साथ-साथ होंठ का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है. क्या आप जानते हैं कि मार्केट में मौजूद कुछ लिप बाम में कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है जो आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं. कई लिप बाम में कैंसर की बीमारी का खतरा बढ़ाने वाले तत्व भी मौजूद हो सकते हैं जिनसे आपको अपना बचाव करना बेहद ही जरूरी है. आइए आपको बताते हैं कि आप अपने होंठों का ख्याल कैसे रखें. इसके लिए आपको क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए।

**ऐसे करें होंठों की देखभाल**

**पानी ज्यादा पिएं**

आपके होंठ तब फटते हैं जब उनमें सूखापन आने लगता है. अगर आप उनमें सही तरह से नमी बनाकर रखेंगे तो आपके होंठ हमेशा स्वस्थ रहेंगे. इसके लिए आपको ज्यादा मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है. अक्सर सर्दियों में लोग पानी कम पीते हैं जिसकी वजह से उनका शरीर नमी खओने लगता है।

## आज का राशिफल

मेषः राशि का स्वामी मंगल-राहू-चंद्र की संगति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी।

वृषभः आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है।

मिथुनः राशि स्वामी की व्यग्रता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा।

कर्कः चंद्रमा प्रथम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

सिंहः राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी।

कन्याः राशि स्वामी बुध भाग्य वृद्धि कर रहा हैं रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

तुलाः आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी।

वृश्चिकः आपकी राशि पर शनि एवं नवम भाव चंद्र योग अभी 7 दिन और चलेगा। फलस्वरूप कुछ आन्तरिक विकार जैसे-वायु-मूत्र-रक्त , जड़ जमा रहे हैं।

धनुः आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा।

मकरः आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे।

कुंभः आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि क्योंकि मार्गी उदय चल रहा है।

मीनः आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें सम्बन्ध खराब होने का खतरा है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्चा हो सकता है।

# जवानी जानेमन के ट्रेलर में दिखा सैफ और तब्बू का फंकी अंदाज

**» आलिया फर्नीचरवाला ने भी चलाया जादू**

सैफ अली खान, तब्बू, आलिया फर्नीचर वाला स्टारर फिल्म जवानी जानेमन का तड़कता भड़कता ट्रेलर रिलीज़ हो चुका है। फिल्म में सैफ का किरदार काफी एनर्जेटिक है। हालांकि, फिल्म अपने अनाउंसमेंट के समय से ही चर्चा में है, लेकिन अब ट्रेलर ने लोगों का दिल पूरी तरह से दिल जीत लिया है।

ट्रेलर में सैफ को एक मस्ती करने वाले पार्टी मैन के अंदाज़ में दिखाया गया है, जिसे अचानक पता चलता है कि उसकी एक टीनेज बेटी यानी आलिया फर्नीचरवाला




हैं। काफी समय बाद आपको भी सैफ के इस फंकी अंदाज़ से प्यार हो सकता है। आलिया अपने पापा यानी सैफ को तब्बू से मिलवाती हैं, लेकिन न तो सैफ को यकीन है कि वह आलिया की मां हैं और न ही तब्बू को यकीन हो रहा कि सैफ उनकी बेटी के पिता हो सकते हैं। तब्बू भी अपने लुक से ऑडियंस को हैरान करने की पूरी तैयारी में हैं। कहानी काफी मजेदार और कॉमिडी से भरपूर दिख रही। फिल्म के बैकग्राउंड में ये दिल्लगी का आइकॉनिक गाना ओले ओले इसे और जानदार बनाता नजर आ रहा है। ट्रेलर से पहले फिल्म को पोस्टर्स को लेकर भी काफी चर्चा रही। रिपोर्ट्स की मानें तो सैफ ने जवानी जानेमन के लिए न केवल अपने बालों को शॉर्ट कराया, बल्कि इस फिल्म के लिए अपना 11 किलो वजन भी कम कर लिया। इससे भी बड़ी बात यह कि उन्होंने यह सब बिना किसी ट्रेनर या न्यूट्रिशनिस्ट की मदद से किया।

# कटरीना कैफ को फिल्म में लिए जाने पर नाराज थीं श्रद्धा कपूर

फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी की रिलीज में बस कुछ ही दिन बाकी हैं। इस मूवी के ट्रेलर और गाने दर्शकों को इम्प्रेस कर रहे हैं। श्रद्धा भी एबीसीडी2 के मुकाबले इसमें और भी बेहतर डांसर और परफॉर्मर के रूप में नजर आ रही हैं। लेकिन यह सभी जानते हैं कि ऐक्ट्रेस इस मूवी के लिए पहली चॉइस नहीं थीं, जिसने उन्हें नाराज भी कर दिया था।



एबीसीडी2 के बाद जब स्ट्रीट डांसर 3डी के लिए कास्टिंग हुई तो उसमें वरुण धवन को रिपीट किया गया। लेकिन लीड ऐक्ट्रेस के लिए कटरीना कैफ को डायरेक्टर रेमो डिसूजा ने चुना।

रिपोर्ट्स की मानें तो कटरीना को चुने जाने की जानकारी मिलने पर श्रद्धा नाराज हो गई थीं। हालांकि, बाद में फिल्म भारत के शूटिंग शेड्यूल के साथ डेट्स क्लैश होने पर कटरीना को रेमो की मूवी को छोड़ना पड़ा। इसके बाद फिर से श्रद्धा कपूर को अप्रोच किया गया, जिन्होंने खुशी-खुशी ऑफर को स्वीकार कर लिया।

वैसे फिल्म के रिलीज की बात करें तो इसे 24 जनवरी से दर्शक सिनेमाघरों में देख सकेंगे। इसमें वरुण और श्रद्धा के साथ नोरा फतेही, प्रभू देवा और रेमो की फिल्म एबीसीडी व एबीसीडी2 में दिख चुके कई सितारे नजर आएंगे।

# घर में बनाये रेस्टोरेंट जैसे 'पिंडी छोले



## सामग्री

काबुली चना- 2 कप, बेकिंग सोडा- 3/4 टीस्पून, चाय की पत्ती (पतले सूती कपड़े में बंधी हुई)-1 चम्मच, अदरक- 2 टेबलस्पून (कद्दूकस किया हुआ), नमक- स्वादानुसार, टमाटर- 2 बड़े (उबले और छीले हुए), हरी मिर्च- 3-4 (लंबी कटी हुई), धनिया पाउडर-2 चम्मच, जीरा-1 चम्मच (भुनकर उसका पाउडर बना लें, काली मिर्च पाउडर- 1 चम्मच, गरम मसाला- 1 चम्मच, अनारदाना- 1 चम्मच, नींबू का रस- 1/4 चम्मच, तेल- 1/4 कप

## विधि

काबुली चने में बेकिंग सोडा मिलाकर इसे 3-4 घंटे के लिए भिगो दें।

3 से 4 घंटे बाद इसे अच्छे से धोकर कुकर में नमक और चाय पत्ती की पोटली डालकर पका लें।

5 से 6 सीटी में चने अच्छी तरह से पक जाएंगे।

अब इसमें से चाय की पत्तियों वाली पोटली और पानी निकाल दें और इसमें जीरा, गरम मसाला, धनिया, अनारदाना, काली मिर्च और 1 चम्मच नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें।

अब एक पैन में तेल गरम करें। इसमें कद्दूकस किया अदरक डालकर गोल्डेन ब्राउन करें। अब इसमें हरी मिर्च डालकर थोड़ी देर तक चलाएं।

इसके बाद इसमें चने वाला मिक्सचर डालकर 1 से 2 मिनट और पका लें।

सर्विंग बाउल में निकालकर ऊपर से नींबू के स्लाइस सजाकर गरमा गरम सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य- 3

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 02 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ 3 | आ | वा | जा | ही | ■ 6 | ■ 4 |
| मा | ■ | खू | ब | ■ 8 | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ 10 | ल | क्ष्य |
| ■ 12 | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ 12 | वी | रा | न | ■ | ■ 15 | च | ट | क |
| ■ 17 | र | ब | ■ 18 | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ 17 | ■ 21 | आ | ग | ■ 19 | दा | ना | ■ |
| ■ 23 | अ | ग | र | म | ग | र | ■ 23 | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ 26 | ■ | व | ध |

# सू-दोकू-3

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.02 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |